फर्द अहकाम

कार्यालय जिला कलक्टर, राजसमंद जिला राजसमन्द

श्री अजयपाल सिंह पिता श्री दिलीप सिंह निवासी नन्दावत, तहसील भीम जिला राजसमन्द

– अपीलार्थी

बनाम

लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार भीम **– प्रत्यर्थी**

किस्म मुकदमा – अपील सूचना का अधिकार, 2005 **पत्रावली संख्या 83/2025**

कमांक	कार्यवाही विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की गई
	दिनांक 16.09..2025	

पत्रावली पेश हुई। अपीलार्थी अनुपस्थित। अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 अंतर्गत वांछित सूचना लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार भीम से प्राप्त नहीं होने से इस कार्यालय में सूचना प्राप्ति हेतु प्रेषित प्रथम ऑनलाईन अपील को दर्ज रजिस्टर किया जाकर लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार भीम से वांछित सूचना अपीलार्थी को उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट इस न्यायालय को भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया।

लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार भीम से जरिये पत्र क्रमांक :– RTI/2025/68/3071–72 दिनांक 11.09.2025 से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अंतर्गत श्री अजयपालसिंह पिता दिलीपसिंह निवासी नंदावट तहसील भीम जिला राजसमन्द द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अन्तर्गत राजस्व ग्राम नंदावट, पटवार हल्का टोगी के खसरा नं. 1799 की जमाबन्दी की नकल चाही गई जिसकी प्रमाणित प्रति अपीलार्थी को भिजवायी जाकर रिपोर्ट सादर प्रेषित है।

लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार भीम कि रिपोर्ट एवं अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रथम अपील का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार भीम की रिपोर्ट के अनुसार अपीलार्थी द्वारा चाही गई राजस्व ग्राम नंदावट, पटवार हल्का टोगी के खसरा नं. 1799 की जमाबन्दी की नकल की प्रमाणित प्रति अपीलार्थी को लोक सूचना अधिकारी द्वारा जरिये पत्रांक RTI/2025/68/3071–72 दिनांक 11.09.2025 से अपीलार्थी को भिजवायी गयी। अतः लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार भीम द्वारा अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना अपीलार्थी को उपलब्ध करवा दी जाने से उक्त अपील को खारिज किया जाता है।

निर्णय की प्रति अपीलार्थी, लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार भीम को भिजवायी जावे।

पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज रजिस्टर नंबर से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो।

लोक सूचना अपीलीय अधिकारी
(जिला कलक्टर) राजसमंद

कार्यालय जिला कलक्टर राजसमन्द (राज.)